हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

तापमान

अधिकतम 40 .6 डिग्री

न्यूनतम 22 .0 डिग्री

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पायलट रिहर्सल, लोगों में दिखा उत्साह 14



पुलिस और एकम न्यास संस्था की अनूठी पहल 14



# नीट परीक्षा: सुरक्षा, सुविधा और पारदर्शिता पर जोर

## कल दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी परीक्षा, डेढ़ बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) नकल रहित व पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाने के दृष्टिगत जिला सचिवालय के सभागार में सेंटर सुपरिटेंडेंट, सुपरवाइजर,ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा नकल रहित व पारदर्शी करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 21 जून को नीट 2026 दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसके लिए जिला में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 1736 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर डेढ़ बजे के बाद कोई एंट्री नहीं होगी। सभी परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पंहुचे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपने साथ एक फोटो आईडी जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट, विद्यार्थी आई कार्ड में से एक अवश्य लेकर आएं। इसके अलावा पूरी बाजू की कमीज, जेवरात, कड़ा व घडी आदि पहनने पर रोक रहेगी।

### परीक्षा केंद्रों पर मुहैया करवाएं समुचित व्यवस्था

उपायुक्त प्रीति ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पीने के स्वच्छ पानी, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध रहें। ताकि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा 1 घंटा 20 मिनट अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार सामान्य परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में नीट यूजी की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### केन्द्र अधीक्षक और डयूटी मजिस्ट्रेट टीम की भांति करें कार्य

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल के साथ साथ सीपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगें। उन्होंने कहा कि जिला में बनाए गए सभी परीक्षा केन्द्रों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कमरों की खिड़कियां व दरवाजे सही हालत में हो और वहां पर बिजली पानी का उचित प्रबंध हो। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एएसपी आशीष चौधरी,नगराधीश पीयूष गुप्ता, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार,छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, डीएसपी रजत गुलिया, रमेश कुमार व पूजा तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम लता आदि मौजूद रहे।

## नीट के लिए 21 जून को जिला में 5 परीक्षा केंद्रों पर 1980 युवा देंगे परीक्षा

- धर्मशालाओं में परीक्षा देने आए बच्चों व अभिभावकों के लिए ठहरने की व्यवस्था की

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नीट-2026 की परीक्षा का आयोजन 21 जून को होगा। परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में नीट 2026 की परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय तथा बिजली की उचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में रैम्प तथा व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को जिला में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन कृतसंकल्प है। जिला में परीक्षा के दृष्टिगत 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1980 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा के लिए शाहबाद के एसडीएम शंभू राठी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नीट (यूजी) परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा, जिसके बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित एजेंसी द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई है। तथा पुरुष और महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग जांच काउंटर स्थापित किए गए। प्रत्येक 100 परीक्षार्थियों पर एक सुरक्षा जांच काउंटर तथा 48 परीक्षार्थियों पर एक बायोमेट्रिक उपकरण लगाया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा दिए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि जैमर को परीक्षा के दिन दोपहर 1.45 बजे से सक्रिय किया जाएगा, ताकि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। उपायुक्त ने बताया कि धर्मशालाओं में परीक्षा देने आए बच्चों व अभिभावकों के लिए यहां ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान भी अभिभावक इन निर्धारित धर्मशालाओं में आराम कर सकते है। इस अवसर पर शाहबाद के एसडीएम शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार,संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### नीट को लेकर प्रशासन सतर्क

पानीपत। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर पानीपत जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परीक्षा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि परीक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और संबंधित विभाग एवं केंद्र अधीक्षक इस व्यवस्था को पूरी गंभीरता से सुनिश्चित करें।

## इंजेक्शन के बाद डेढ़ साल के बच्चे की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर में इंजेक्शन लगाने के बाद डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई है। बच्चे के परिजनों ने पास के ही एक क्लीनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने के आरोप लगाए। बच्चे का दादा उसे फुंसी/फोड़े की दवा दिलाने कॉलोनी के डॉक्टर के पास लेकर गया था। इंजेक्शन के बाद में बच्चा बेहोश हुआ, तो आरोपी डॉक्टर उस बच्चे और उसके दादा को प्राइवेट अस्पताल के गेट पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान दैविक के रूप में हुई है। दैविक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दैविक का पिता गुरदीप सिंह रेलवे रोड पर इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं।



मृतक दैविक।

सैनी कॉलोनी के कर्मचंद ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 7:15 बजे वह अपने डेढ़ साल के पोते दैविक को घुटने में हुए फोड़े का इलाज कराने के लिए कॉलोनी एक क्लिनिक में लेकर गए थे। वहां मौजूद क्लिनिक संचालक ने फोड़े में चीरा लगाने और चीरे से पहले इंजेक्शन लगाने की बात कही।

आरोपी ने बच्चे दैविक को इंजेक्शन लगा दिया, लेकिन इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। बच्चे की तबीयत बिगड़ी, तो आरोपी ने एक और इंजेक्शन लगा दिया। जिससे बच्चे बेहोश हो गया। तब क्लिनिक संचालक बच्चे और उसके दादा को अपने साथ स्कूटी पर 50 फुटा रोड पर एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गया। आरोपी उनको अस्पताल के गेट पर छोड़कर फरार हो गया। यहां बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। यहां बच्चे का 2 दिन तक इलाज चलता रहा, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। तब बच्चे को 17 जून को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। यहां बच्चे का इलाज चलता रहा, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के परिवार ने क्लीनिक के डॉक्टर राकेश कुमार पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। इस कारण उनके बच्चे दैविक की मौत हो गई। बच्चे के ताऊ गुरमीत सिंह ने बताया कि घटना के बाद आरोपी झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद कर भाग गया। उसने क्लीनिक के बाहर लगे अपने पोस्टर भी फाड़ दिए। अगर आरोपी डॉक्टर अस्पताल को किस तरह का इंजेक्शन लगाया, उसकी जानकारी दे देता, तो शायद उसका भतीजा जिंदा होता।

### आरोपी डॉक्टर को भेजा जेल : बलजीत सिंह

उधर, थाना कृष्ण गेट के एसएचओ बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी डॉक्टर राकेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी के पास से डॉक्टर और क्लीनिक के संबंध में कोई डिग्री नहीं मिली। आरोपी को गिरफ्तार किया कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है।

## असला सप्लायर को यूपी के बागपत जिले पकड़ा

पानीपत। एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम असला सप्लायर प्रताप को यूपी के बागपत जिले के किशनपुर बरल गांव से गिरफ्तार कर लेकर आई। आरोपी की पहचान बागपत के किशपुर बरल गांव निवासी प्रताप के रूप में हुई है। थानेदार राकेश ने बताया कि इस मामले में थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

# बोन कैंसर से जूझ रहे युवक ने पुलिसकर्मियों पर थाने में कुकर्म करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बोन कैंसर से जूझ रहे एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर थाने में कुकर्म करने का आरोप लगाया है। युवक का दावा है कि कीमोथेरेपी के कारण उसके सिर और शरीर के बाल झड़ चुके हैं। 17 जून की रात ड्यूटी से घर लौटते समय उसे इंद्री नाके पर रोककर लाडवा थाने ले जाया गया। आरोप है कि वहां पुलिसकर्मियों ने पहले उसके साथ मारपीट की, फिर उसकी टांगों के बाल न होने पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा, /"तेरी टांगें लड़कियों जैसी हैं/"। इसके बाद दो एएसआई और एक होमगार्ड ने उसके साथ गलत हरकत की। अगले दिन ब्लीडिंग होने और तबीयत बिगड़ने पर मामला परिवार के सामने आया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। युवक ने एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, लाडवा के डीएसपी निर्मल सिंह का कहना है कि अस्पताल से घटना की सूचना मिली है। अभी मामले की जांच चल रही है। युवक लाडवा के सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कुरुक्षेत्र सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक लाडवा के सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कुरुक्षेत्र सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बाईं टांग में बोन कैंसर है और वह कीमोथेरेपी करा रहा है। हाल ही में हुई कीमोथेरेपी के कारण उसके शरीर के बाल झड़ चुके हैं।

### बैंक की ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था युवक

17 जून की रात वह बैंक की ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान इंद्री नाके पर ड्यूटी कर रहे एक होमगार्ड ने उसे रोक लिया। उसने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था, जिसे होमगार्ड ने हटवा दिया। युवक का आरोप है कि कुछ देर बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। जिस गाड़ी में पुलिसकर्मी आए थे, उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। गाड़ी से उतरे दो पुलिसकर्मियों में से एक ने शराब पी रखी थी। आते ही उसने उसे थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने अपने मोबाइल से पुलिसकर्मी की वीडियो बनानी शुरू कर दी। तभी पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया। एक पुलिसकर्मी करनाल का रहने वाला है और उसे पहले से जानता था। उक्त पुलिसकर्मी पहले उससे पैसे मांग चुका था, लेकिन उसने पैसे देने से इनकार कर दिया था। युवक ने बताया कि इसके बाद उसे जबरन लाडवा थाने ले जाया गया और उसकी बाइक को इंपाउंड कर दिया गया। थाने में उसे पहले करीब आधे घंटे तक बैठाकर रखा गया। बाद में रात के समय उसे कमरा नंबर-4 में ले जाया गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद दो एएसआई और एक होमगार्ड ने उसके कपड़े उतरवाए और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। युवक ने बताया कि अगले दिन नहाते समय उसे ब्लीडिंग होने लगी। शर्म और डर के कारण उसने शुरूआत में किसी को घटना के बारे में नहीं बताया।

### जांच के बाद कार्रवाई करेंगे : डीएसपी

लाडवा डीएसपी निर्मल सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पताल से घटना की सूचना मिली थी। पीड़ति के बयान दर्ज किए गए हैं। आरोप की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## होटल के कमरे में घुसकर रिसेप्शनिस्ट पर किया हमला

- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन स्थित होटल के कमरे में घुसकर तीन लोगों ने रिसेप्शनिस्ट पर हमला कर दिया और नगदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर निवासी 25 वर्षीय गोपाल ने बताया कि वह मॉडल टाउन स्थित होटल में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करता है। देर रात करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह होटल के कमरा नंबर 103 में आराम करने चला गया। इसी दौरान तीन युवक जबरन कमरे में घुस आए और उस पर हमला कर दिया।

# फंदे पर मिला युवक, श्मशान से पुलिस ने शव कब्जे में लिया

- हत्या या आत्महत्या? पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी जांच, मां ने दो युवकों पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल जिले के गांव पंगाला में 27 वर्षीय युवक विक्रम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट पहुंच चुके थे, तभी किसी ग्रामीण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पूरे मामले का सच पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा।

जानकारी के अनुसार अविवाहित विक्रम दिहाड़ी मजदूरी करता था। बुधवार शाम उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को नीचे उतार लिया और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी दौरान डायल-112 पर शिकायत मिलने के बाद असंध थाना पुलिस गांव पहुंची और श्मशान घाट से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की मां ने आरोप लगाया कि पहले उसके बेटे के साथ मारपीट की गई और बाद में हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। उनका कहना है कि गांव के दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने दावा किया कि विक्रम के शरीर, विशेषकर बाजू पर चोटों के निशान मिले हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### पुलिस के सामने सबसे बड़े सवाल

- ▶▶ क्या युवक ने खुदकुशी की या हत्या हुई?
- ▶▶ शरीर पर मिले चोटों के निशान कैसे आए?
- ▶▶ दिन में हुए विवाद का मौत से कोई संबंध है या नहीं?
- ▶▶ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या खुलासा होगा?

### आत्महत्या की जताई आशंका

असंध थाना के एसएचओ नसीब सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिन में विक्रम का पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था और शाम को उसका शव फंदे पर लटका मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।

## आरटीए की लाइव लोकेशन लीक करने वाले नेटवर्क का भांडाफोड

समालखा। पानीपत के गांव झट्टीपुर के इलाके में आरटीए विभाग की लाइव लोकेशन लीक करने वाले नेटवर्क का भांडाफोड हुआ है। वहीं, पानीपत आरटीए विभाग के सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरटीए सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायत दी कि झट्टीपुर क्षेत्र में अंश उर्फ हर्ष निवासी गढ़ी बेसक, जिला पानीपत आरटीए विभाग की गाड़ियों और चेकिंग अधिकारियों की गुप्त लोकेशन को सार्वजनिक कर रहा है। जांच में सामने आया कि अंश उर्फ हर्ष व्हाट्सएप ग्रुप चला रहा था और इस ग्रुप में कई वाहन चालक और अवैध परिवहन से जुड़े लोग शामिल थे। आरोपी का मुख्य काम आरटीए की टीम की लोकेशन को ट्रैक करना और ग्रुप में मैसेज या वॉयस नोट के जरिए लाइव अपडेट देना था।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे 1.68 लाख

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर दो लोगों ने एक युवक से 1.68 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव तिगरा निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ग्रेजुएट है और विदेश जाकर नौकरी करना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात हर्ष नामक युवक से हुई। हर्ष ने उसकी मुलाकात अंबाला के नारायणगढ़ निवासी रजत से करवाई। दोनों ने उसे ग्रीस भेजने और वहां नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके लिए साढ़े छह लाख रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पिछले साल दिसंबर में उससे 1.68 लाख रुपये और पासपोर्ट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज ले लिए। कुछ समय बाद उसे ग्रीस का विजिटर वीजा देकर कोलकाता भेज दिया। वहां उसे करीब 15 दिन तक रुकवाया गया और कहा गया कि यहीं से फ्लाइट जाएगी तथा विजिटर वीजा को बाद में वर्क वीजा में बदलवा दिया जाएगा। विवेक को जब दिए गए वीजा पर शक हुआ तो उसने अपना पासपोर्ट वापस मांगा। आरोप है कि इस पर हर्ष और रजत ने पासपोर्ट लौटाने के लिए पूरी रकम यानी साढ़े छह लाख रुपये की आधी रकम जमा कराने की मांग कर दी। इससे उसे ठगी का एहसास हुआ और वह वापस घर लौट आया। पीड़ति का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार दोनों आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की।

## बिजली चोरी की वीडियो बनाने पर युवक पर रॉड से किया हमला

यमुनानगर। रादौर में बिजली चोरी की कथित वीडियो बनाने को लेकर एक युवक पर दो युवकों ने एक महिला के साथ मिलकर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रादौर निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 जून की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने मोबाइल फोन से कस्बा में गुलजार और राजेश द्वारा की जा रही कथित बिजली चोरी की वीडियो बना रहा था। आरोप है कि इसी दौरान राजेश ने उसे वीडियो बनाते देख लिया और घर के अंदर से लोहे की रॉड लेकर बाहर आ गया। धर्मबीर के अनुसार राजेश के साथ गुलजार और सलोचना भी बाहर आ गए।

## गाड़ियां समय पर खाली न होने से मिलर्स नाराज

# राइस मिलर्स ने एफसीआई गोदाम के सामने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

चावल डिलीवरी के लिए राइस मिलर्स की गाड़ियां समय पर खाली ना होने को लेकर मिलर्स में गहरा रोष है। इसे लेकर चावल व्यापारियों ने गांव भटेड़ी के निकट स्थित एफसीआई के गोदाम के सामने जमकर नारेबाजी की। मिलर्स का आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते यहां चावल की डिलीवरी नहीं ली जा रही। जबकि वे लोग सरकार द्वारा निर्धारित 30 जून की तिथि तक पूरे चावल की डिलीवरी देने के लिए तैयार हैं। पूर्व प्रधान सतीश सिंगला ने कहा कि पिछले चार दिन से गाड़ियां खड़ी हुई है। लेकिन उन्हें टरकाया जा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि धान का सीजन शुरू होने के चलते मजदूर भी रोपाई के सीजन में चले गए हैं। जिससे उन्हें गाड़ियां लोड करने के लिए मजदूर तक नहीं मिल रहे। बड़ी मुश्किल से वे गाड़ियां लोड करके गोदाम तक लेकर आते हैं। लेकिन यहां कई कई दिन तक गाड़ी खाली नहीं होती। सरकार द्वारा निर्धारित 30 जून की तिथि भी सिर पर है। व्यापारी चावल देने के लिए तैयार बैठे हैं। लेकिन एफसीआई के पास व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में उनका धंधा बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। नाराज व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे जाम लगाकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



### अधिकारियों का तर्क, मजदूरों की कमी

उधर, गोदाम पर तैनात एफसीआई अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों की कमी के चलते डिलीवरी लेने में विलंब हो रहा है। ठेकेदार से बात जारी है। प्रयास है की गाड़ियां जल्दी खाली हों। भ्रष्टाचार के जो आरोप लगाए गए हैं। वे बेबुनियाद है। जिस तरह राइस मिलर्स को मजदूरों की कमी खल रही है। इस तरह गोदाम में भीलेबर की समस्या है ।

## खबर संक्षेप



### तीन अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी तोड़फोड़ कार्रवाई की। विभाग की टीम ने कॉलोनियों में विकसित की गई सड़कें, डीपीसी और अन्य निर्माण ध्वस्त कर दिए। पहली अवैध कॉलोनी सालवन रोड पर लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, जहां बनाई गई सभी पक्की सड़कों को तोड़ दिया गया। दूसरी कॉलोनी सफीदों रोड पर लगभग 4 एकड़ क्षेत्र में थी, जहां कच्ची सड़कें और डीपीसी हटाई गईं। तीसरी कॉलोनी असंध बाईपास के समीप तहसील के पीछे लगभग आधा एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी, जहां सभी डीपीसी ध्वस्त कर दी गईं। सालवन रोड पर बने एक अवैध ढाबे को भी गिराया गया।

### नई तकनीकों से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**करनाल।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से नए फसल सुरक्षा, स्पेशलिटी प्लांट न्यूट्रिशन और वेजिटेबल सीड उत्पाद लॉन्च किए गए। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख चैनल पार्टनर्स ने इन नवीन कृषि समाधानों की जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड संजय छाबड़ा ने कहा, इनोवेशन हमारे लिए केवल लक्ष्य नहीं बल्कि किसानों से किया गया वादा है। अत्याधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान किसानों को बेहतर उपज और समृद्ध भविष्य प्रदान करेंगे।" कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और चैनल पार्टनर्स ने आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर चर्चा की

### ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों के दांतों की जांच



**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बाल भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष पहल की गई। शुक्रवार को डॉ. टीथ एडवांस्ड डेंटल केयर की ओर से निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 155 से अधिक बच्चों की जांच की गई। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी ने बताया कि शिविर में भारत विकास परिषद की माधव शाखा द्वारा बच्चों को अल्पाहार उपलब्ध कराया गया तथा टूथब्रश और टूथपेस्ट भी वितरित किए गए।

## 21 जून के जिला स्तरीय आयोजन की पायलट रिहर्सल

# योग दिवस से पूर्व अनाज मंडी में गूंजा योग मंत्र

- अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने किया अभ्यास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय समारोह को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्थानीय अनाज मंडी में योग प्रोटोकॉल की पायलट रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज और अन्य प्रशिक्षकों ने मंच से प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशवासियों को संबोधित करेंगे, जबकि पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी ऑनलाइन जुड़ेंगे। दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण अनाज मंडी में दिखाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

एसडीएम ने बताया कि जिला मुख्यालय के अलावा नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा और असंध में भी उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। नीलोखेड़ी में विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री में विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, घरौंडा में विधायक जगमोहन आनंद तथा असंध में विधायक योगेंद्र सिंह राणा मुख्य अतिथि होंगे।



**करनाल।** पायलट रिहर्सल में योगाभ्यास करते अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी।

### ये रहे मौजूद

रिहर्सल के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल, जीएम रोडवेज कुलदीप, डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल, सीडीपीओ संतोष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 150 प्रतिभागियों ने सीखे स्वस्थ जीवन के सूत्र



- मेडिकल कॉलेज में योग सेमिनार, योग संस्थाओं को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विशेष योग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉलेज के निदेशक डॉ. एम.के. गर्ग ने मुख्य अतिथि, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ एवं हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने कहा कि योग का वास्तविक अर्थ स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानना है। पतंजलि योग समिति करनाल, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत समिति, मेरा मिशन स्वस्थ भारत, हमारा मिशन स्वस्थ भारत, मां आदिशक्ति योग कक्षा, भारतीय योग संस्थान, सहज योग संस्था, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, करण योग एसोसिएशन, हार्टफुलनेस संस्थान सहित कई संस्थाओं को सम्मानित किया गया। नवज्योति विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु नानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, को भी सम्मान प्रदान किया गया।

# गुरु अर्जन देव के शहादत दिवस पर छबील लगाकर दी श्रद्धांजलि

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में विद्यार्थियों और स्टाफ ने राहगीरों को पिलाया मीठा जल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

गुरु नानक खालसा कॉलेज में सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के पावन शहादत दिवस पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मीठे जल की छबील लगाई गई। कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने राहगीरों को मीठा जल वितरित कर गुरु परंपरा का निर्वहन किया। सेवा करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी की शहादत का सिख इतिहास में विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि गुरु महाराज ने गुरु ग्रंथ साहिब के संकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) के निर्माण कार्य को पूरा करवाया। उन्होंने सत्य, न्याय, मानवता और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। गुरु अर्जन देव ने जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानव कल्याण का संदेश दिया। उनका बलिदान आज भी समाज को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएं वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी सदियों पहले थीं। सेवा में रहे शामिल विद्यार्थियों में निरवैर सिंह, हरमन सिंह, पवित्र सिंह, गुरमीत सिंह, कमलदीप कौर, अर्शदीप कौर, सिमरन, गुरकीरत सिंह, हरकीरत सिंह, साहब सिंह, नवजोत कौर तथा अन्य विद्यार्थियों ने सेवाएं दीं।



### नीट परीक्षा के लिए 8 केंद्रों पर 200 जवान तैनात

**करनाल।** 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन को लेकर करनाल पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। जिले में बनाए गए आठ परीक्षा केंद्रों पर करीब 200 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मी परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षार्थियों को आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराएंगे। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थलों पर ही करवाई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति से निपटने के लिए मुख्य मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

# तरावड़ी : एसडीएम अशोक ने किया घर-घर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

- गणना प्रपत्र का वितरण और सत्यापन कार्य जारी, कोई भी पात्र मतदाता वोट से न छूटे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी**

एसडीएम अशोक कुमार ने शुक्रवार को तरावड़ी में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 6 बूथो पर जाकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वेक्षण (डोर-टू-डोर सर्वे) और गणना प्रपत्र वितरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से भी सीधा संवाद कर इस अभियान के संबंध में उनका फीडबैक प्राप्त किया।

एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। हमारा मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में एक भी पात्र मतदाता वोट बनने से न छूटे। इसी कड़ी में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। इस एन्यूमरेशन फॉर्म के माध्यम से योग्य नागरिकों का डाटा एकत्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोई भी वैध पहचान दस्तावेज दिखाकर नागरिक आसानी से अपना सत्यापन करवा सकते हैं।



**तरावड़ी।** एसडीएम अशोक कुमार और सचिव अजीत कुमार बूथों पर गणना प्रपत्र वितरण कार्य का जायजा लेते हुए।

# 500 साधकों ने किया सामूहिक अभ्यास

- तीन दिवसीय योग शिविर के पहले दिन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की शिरकत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। 19 से 21 जून तक चलने वाले इस शिविर के पहले दिन मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि दिनेश गुलाटी पिछले करीब 20 वर्षों से योग के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और करनाल से लेकर पूरे देश में योग का संदेश पहुंचा रहे हैं। महिला प्रमुख नीलम बटला और सह प्रमुख निधि गुप्ता ने कहा कि सामूहिक योग से शरीर और मन को नई ऊर्जा तथा आंतरिक शांति प्राप्त होती है। शिविर में लगभग 500 साधकों ने योग, एरोबिक्स, आसन और प्राणायाम का लाभ लिया। सेक्टर-14 टीम ने संगीतमय एरोबिक्स की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग परमात्मा से जुड़ने का माध्यम है। ध्यान मन को स्थिर करने और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का सबसे प्रभावी साधन है।

### कार का शीशा तोड़कर 50 हजार की चोरी

**करनाल।** शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में दिनदहाड़े कार का शीशा तोड़कर 50 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब एक युवक सैलून में सेविंग कराने गया था। कुछ ही मिनटों बाद लौटने पर उसने कार का शीशा टूटा पाया और अंदर रखा नकद गायब मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पीड़ित रविंद्र कुमार ने बताया कि उसके घर में शादी का कार्यक्रम है, जिसके लिए उसे छोटे नोटों की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से उसने बैंक से 200 और 50 रुपये के नोटों की गड्डियां निकलवाई थीं। इसके बाद वह मॉडल टाउन स्थित एक सैलून में सेविंग कराने पहुंचा और कार को बाहर खड़ा कर नकदी डैशबोर्ड में रख दी।

# पीएनबी का मेगा ऋण अभियान 5.81 करोड़ के आवेदन जुटाए

- स्वयं सहायता समूहों और किसानों को ऋण सुविधाओं से जोड़ने के लिए 40 शाखाओं में लगाए गए शिविर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के सर्किल कार्यालय करनाल द्वारा वित्तीय समावेशन और कृषि ऋण विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को करनाल और यमुनानगर जिले की 40 शाखाओं में सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) शिविरों का आयोजन किया गया।

अभियान के दौरान बैंक शाखाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 85 खातों में 5.81 करोड़ रुपये के ऋण आवेदनों का स्रोत किया। इनमें 43 स्वयं सहायता समूहों के लिए 1.77 करोड़ रुपये तथा 42 किसान क्रेडिट कार्ड खातों के लिए 4.04 करोड़ रुपये के आवेदन शामिल हैं। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य पात्र स्वयं सहायता समूहों और किसानों तक बैंकिंग सेवाओं एवं ऋण सुविधाओं की पहुंच बढ़ाना है। शिविरों में पहुंचे लाभार्थियों को कृषि ऋण, वित्तीय समावेशन, किसान क्रेडिट कार्ड और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ऐसे अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों व महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज डायरी

### प्रशिक्षणार्थियों ने निभाई मानव सेवा की जिम्मेदारी



मधुबन। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन की रंगशाला में निदेशक कला रामचन्द्रन के मार्गदर्शन में /"रक्तदान चिकित्सा विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सेक्टर-32 चंडीगढ़/" के तत्वावधान तथा अकादमी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों और अकादमी स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान कुल 407 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए निदेशक कला रामचन्द्रन ने उप पुलिस अधीक्षक अकादमी गीतिका को नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। चिकित्सा दल में डॉ. राघव, डॉ. अनीष, डॉ. इप्सिता, डॉ. प्रियदर्शनी, डॉ. हार्दिक, डॉ. राहुल, काउंसलर सुनैना सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। अकादमी की ओर से निरीक्षक राजबीर सिंह (सीएलआई), निरीक्षक सुनील कुमार (एलओ), निरीक्षक नरेश कुमार (आरआई), निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रशिक्षणार्थी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान अभियान



**करनाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी शहरी करनाल की ओर से सेवा और समर्पण के भाव से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवाओं और समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पराग गाबा ने कहा कि राहुल गांधी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सरोकारों की राजनीति के प्रतीक हैं। उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाकर जरूरतमंद मरीजों की सहायता का प्रयास किया गया है। करनाल लोकसभा से चुनाव लड़ चुके दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों की आवाज उठाते रहे हैं। रक्तदान जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क और पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि जनसेवा कांग्रेस की प्राथमिकता रही है और ऐसे कार्यक्रम उसी भावना को मजबूत करते हैं। जिला उपप्रधान जोगिंद्र वाल्मीकि, दिलशेर डाचर, बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, संगठन महामंत्री ललित आहूजा, प्रवीन पुनिया, राकेश ढाकवाल, सुरेंद्र नम्बरदार, युवराज सिंह, सपना राणा, विनोद शर्मा, सुरेश सैन, जितेंद्र पांचाल, पृथ्वी भाट, लाडी संधू, सोनू शर्मा, पीयूष शर्मा, जगदीप मट्टू, चेतन चौहान, वीरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा, पवन कुमार, अभिमन्यु शुक्ला, गोविंद पाल, जनक पोसवाल, लक्ष्य विज, नितेश गर्ग, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, ई-समाधान ऐप व प्लास्टिक मुक्त अभियान पर मंथन

# वार्ड समितियों को स्वच्छता और शिकायत निवारण का प्रशिक्षण

- नगर निगम की ओर से दूसरी वार्ड कमेटी बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल**

नगर निगम करनाल की ओर से शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में दूसरी वार्ड कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की, जबकि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न वार्डों के अध्यक्ष, सदस्य और सचिवों को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा डिजिटल शिकायत निवारण प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इन नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण स्वच्छ शहर की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए हरा, नीला, लाल और काला रंग के कम से कम चार डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य किया गया है। नगर निगम करनाल पहले से ही पांच प्रकार के कचरे के पृथक्करण को लेकर जागरूकता अभियान चला रहा है। निगम क्षेत्र के 7 से 8 वार्डों में गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण भी शुरू किया जा चुका है, जिससे कचरा प्रबंधन प्रणाली अधिक प्रभावी बनी है।

वार्ड कमेटी सदस्यों को ई-समाधान ऐप की कार्यप्रणाली भी समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से नागरिक साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज, जल निकासी, जलापूर्ति, संपत्ति कर आईडी, नाला सफाई सहित 13 श्रेणियों से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं और उनके निस्तारण की स्थिति भी देख सकते हैं। इस दौरान सदस्यों के मोबाइल फोन में ई-समाधान ऐप डाउनलोड भी करवाया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि वार्ड कमेटियां नगर निगम और आम जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर से ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देना शुरू कर दे तो शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा ने कहा कि नागरिक सहभागिता के बिना कोई भी जनकल्याणकारी अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने वार्ड कमेटियों से ई-समाधान ऐप, स्वच्छता गतिविधियों और कचरा पृथक्करण के प्रति लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया ताकि नागरिकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं मिल सकें।



### सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने का आह्वान

बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण, जल स्रोतों, भूमि और पशुओं के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसलिए नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने समालखा बस अड्डे से पकड़ा नशा तस्कर

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा बस अडडा के पास से सुनील पुत्र आनंद निवासी गांव दतौली जिला सोनीपत को 5 किलो 26 ग्राम गांजा (मादक पदार्थ) सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी सुनील के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### हरिद्वार हाईवे पर हादसे में 13 यात्री घायल

**पानीपत।** पानीपत में हरिद्वार हाईवे पर तामशाबाद टोल प्लाजा के पास वीरवार की देर रात उत्तराखंड के ऋषिकेश घूमने जा रहे ट्रैवलर गाड़ी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वहीं, ट्रैवलर गाडी आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में ट्रैवलर गाडी में सवार अनमोल, परी, शिवम, जाहनवी, कोमल, असलाफ, केशव, निवा समेत 13 लोग घायल हो गए। सभी को सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इधर, थाना सनौली पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साली को लेकर जीजा फरार, मुकदमा दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 40 में किराए के मकान में रहने वाला व्यक्ति बिना मां व बाप की 17 वर्षीय साली को बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया। लडकी पिता व माता की मौत के बाद अपनी बहन व जीजा के साथ ही रह रही थी। इधर, परिजनों की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने शिकायत ने केस दर्ज कर जीजा व साली की तलाश शुरू कर दी है।

### अंसल सुशांत सिटी से बिजली मीटर चोरी

पानीपत। अंसल सुशांत सिटी के डी-वन ब्लॉक में रजत गर्ग के घर के बाहर लगा बिजली मीटर अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। इधर, सीसीटीवी फुटेज में दो युवक मीटर उतारकर ले जाते दिखाई दिए। गर्ग ने बिजली निगम से शिकायत की है।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पौधे रोपे

**समालखा।** पानीपत के गांव राणा माजरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद समालखा के चेयरमैन अशोक कुच्छल, जावेद अली, विपिन पांचाल, कमल संधू, संदीप देशवाल, विशाल आदि ने पौधे रोपे।

### घर के बाहर खड़ी कार चोरी, शिकायत दर्ज

**समालखा।** पानीपत के गांव भापरा निवासी विकास की सफेद रंग की ईको कार घर के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ित के अनुसार 17 जून की शाम को खड़ी की गई गाड़ी रात करीब 1:40 बजे गायब मिली। विकास की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर वाहन चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लगाया शिविर

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद शाखा पानीपत का ग्रीन पार्क हुडा सेक्टर-12 में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हो गया। वहीं, योग प्रशिक्षिका दीपिका सिंगला ने प्रतिभागियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज, पार्षद अमित नारंग, दीपक गर्ग, पवन गुप्ता, अमन मित्तल, अनुज गोयल, अनुराधा गुप्ता, शिफ्रा बठला आदि ने पौधे रोपे।

### फैक्ट्री कर्मचारियों को फर्स्ट ऐड की ट्रैनिंग दी

**पानीपत।** पानीपत रैडक्रॉस सोसाइटी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विगत 16 जून से प्रवक्ता प्रदीप द्वारा सूर्या ओवरसीज, जाटल रोड, पानीपत के 15 कर्मचारियों को व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

---

### वीसी के माध्यम से एसआईआर के कार्यों की समीक्षा

# हर पात्र वोटर का नाम सूची में दर्ज कराना ही लक्ष्य: उपायुक्त

**फील्ड में जाकर बूथ स्तर अधिकारियों के कार्यों का निरीक्षण करें जिम्मेदार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा को लेकर पानीपत के उपायुक्त, निगम आयुक्त एवं निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इधर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर बूथ स्तर अधिकारियों के कार्यों का निरीक्षण करें तथा जहां कार्य की गति संतोषजनक नहीं है, वहां जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। डॉ. हरीश ने बताया कि जिले के सभी 912 बीएलओ को प्रशिक्षित किया जा चुका है और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और उसकी शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ।

#### निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में पानीपत के उपायुक्त, निगम आयुक्त तथा निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उप निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण, पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने तथा त्रुटियों के सुधार संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अभियान को निर्धारित समय सीमा में पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए तथा मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

वहीं, उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता या शिकायत के लिए नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची, गणना प्रपत्र, नाम जोडने, संशोधन तथा अन्य निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

---

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए कांग्रेसी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी के जन्म दिवस पर शुक्रवार को कांग्रेस ग्रामीण पानीपत व एनएसयूआई ने संयुक्त तत्वावधान में पानीपत टोल के पास स्थित आरटीओज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

वहीं जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस रमेश मलिक और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रूबल संधू ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौंसला बढाते हुए कहा कि रक्तदान करना युवाओं का मानवीय कर्तव्य है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, कंवर सिंह छोक्कर, दीपक खटकड़, सतपाल रोड, जगदीश स्याल, मनीष मलिक, छत्तर सिंह, संदीप बुडशाम आदि ने कहा कि दान में मिले रक्त से हादसों में घायल हुए लोगों व रोगियों की जान बचाई जाती है। इसके मद्देनजर स्वस्थ्य नागरिक को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। वहीं, कांग्रेसियों ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए भगवान से उनके स्वस्थ्य व लंबें जीवन की कामना की।

---

# स्काउट्स की एडवांस ट्रेनिंग ले रहे शिक्षक

- हरियाणा के विभिन्न जिलों के साथ पानीपत के नौ शिक्षक भी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ट्रेनिंग सेंटर में पानीपत के टीचर्स।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ट्रेनिंग सेंटर, तारा देवी, शिमला हिमाचल प्रदेश में 24 जून तक आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा के विभिन्न जिलों के साथ पानीपत के नौ शिक्षक भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में कब एवं स्काउट्स मास्टर्स को बेसिक और एडवांस गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पानीपत कब डीओसी हरिओम ने बताया कि जिले के शिक्षक नई तकनीकों का प्रशिक्षण लेकर स्कूलों में स्काउट्स एंड गाइड्स गतिविधियों को मजबूत करेंगे। मुख्य शिक्षक जयदीप ने कहा कि हरिओम के मार्गदर्शन में पानीपत को स्काउट्स एंड गाइड्स गतिविधियों में हरियाणा का नंबर वन जिला बनाने का प्रयास किया जाएगा।

---


**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बडौली में समर कैंप में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

# बच्चों ने पेंटिंग बना कर दिया ई-वेस्ट कम करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में आयोजित ग्रीन समर कैंप के तीसरे दिन ई-वेस्ट पुराने या खराब हो चुके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पुनर्चक्रण और रखरखाव के लिए जागरूक किया गया। ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने बताया कि आवश्यकता होने पर ही नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहिए। प अधिकृत ई-वेस्ट संग्रह केंद्र या रीसाइक्लिंग केंद्र पर जमा करें। इधर, अंग्रेजी प्राध्यापिका ममता देवी, सतीश कुमार की उपस्थिति में बच्चों ने ये लिखे आकर्षक स्लोगन और बनाई सुंदर पेंटिंग। ई-वेस्ट सही जगह पहुंचाओ, धरती को स्वच्छ बनाओ। वहीं, स्लोगन लेखन में आर्यन प्रथम, वंश द्वितीय, गुंजन तृतीय, पेंटिंग बनाने में नेहा प्रथम, आरती द्वितीय और राखी शर्मा तृतीय रहीं, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

---

# विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता होनी जरूरी : मनमोहन

- विधायक ने समालख में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** पाइट में विधायक मनमोहन भडाना विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

विधायक मनमोहन भडाना ने पाइट में समालखा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में समालखा के एसडीएम अमित श्रीवाल समेत संबंधी विभागों के अधिकारी भी शामिल थे। वहीं बैठक में विधायक भडाना ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत फीडबैक लिया। साथ ही विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा में उन्हें पूरा करने को लेकर चर्चा की गई। इधर, विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा जनता से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। वहीं डीएसपी नरेंद्र कादियान ने कहा कि समालखा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

---


पानीपत। दादा लख्मीचंद पर पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

# दादा लख्मी के जीवन पर आधारित अमर काव्य का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की रचनाओं पर आधारित पुस्तक अमर काव्य का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक पंडित विष्णु दत्त कौशिक तथा मास्टर रामस्वरूप के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इसे हरियाणवी लोक साहित्य के संरक्षण में महत्वपूर्ण बताया। दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने पुस्तक को स्कूलों और कॉलेजों की लाइब्रेरी में शामिल करने की मांग की। कार्यक्रम में चेतन कौशिक व सुनील सहित अनेक साहित्यकार एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# लंबित शिकायतों को लेकर डीसी सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से लंबित मामलों (पेंडेंसी) की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। वहीं, हरियाणा सरकार के समाधान प्रकोष्ठ की 43वीं समीक्षा बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें पानीपत के उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में आयुक्त एवं सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, आयुक्त एवं सचिव सीआरआईडी, महानिदेशक हाउसिंग फॉर ऑल हरियाणा तथा प्रबंध निदेशक हारट्रोन जे. गणेशन ने की। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नागरिकों से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीसी डॉ वशिष्ठ ने पानीपत जिला की ओर से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

#### लापरवाह अफसरों पर की जाएगी कार्रवाई

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नागरिकों से जुड़े सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान विभागवार लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों से कहा गया कि जनहित से संबंधित सेवाओं और शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही कार्यों की नियमित निगरानी करने और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक विलंब के मिल सके।

---

# त्रिवेणी बाबा ने पानीपत जेल परिसर में रोपे पौधे

- बन्दियों को जेल परिसर के अन्दर भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पानीपत जेल परिसर में पौधे रोपते त्रिवेणी बाबा व जेलर संजीव कुमार।

पानीपत के गांव सिवाह स्थित जिला कारागार परिसर में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे त्रिवेणी बाबा सत्यवान ने जेल अधीक्षक संजीव कुमार की उपस्थिति में त्रिवेणी का पवित्र पौधा रोपा। वहीं, त्रिवेणी बाबा ने अपने संबोधन में कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और अब तक समाज में 50 लाख से अधिक पौधों और लगभग 1 लाख त्रिवेणी (नीम, पीपल और बरगद का संयोजन) का रोपण किया गया है। वहीं, जेल में बंदियों को मुख्यधारा से जोडने और उनमें सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से त्रिवेणी महाराज ने सभी बंदियों को एक-एक त्रिवेणी पौधा लगाने व अपने परिजनों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया तथा बन्दियों को जेल परिसर के अन्दर भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया जिससे जेल परिसर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

# स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं नागरिक : दुष्यंत

**सार्वजनिक स्थानों पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गांव नोहरा में स्वच्छता अभियान में भाग लेते भाजयुमो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा द्वारा थर्मल मंडल के गांव नोहरा में सफाई अभियान चलाया गया जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर झाड़ू लगाकर कचरा एकत्रित किया गया और स्थानीय लोगों को सूखा-गीला कचरा अलग-अलग कर नगर निगम की गाड़ी व अन्य निर्धारित स्थान पर ही डालने के लिए जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण भी किया। मोर्चा अध्यक्ष अमित पंडित की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने सफाई की। वहीं, अभियान के तहत तहसील कैंप मंडल के ग्रीन पार्क में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि सफाई अभियान सिर्फ एक दो का कार्यक्रम नहीं बल्कि दैनिक जीवन में दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। यह अभियान समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसलिए हर नागरिक को अपने घर और कार्य स्थल के साथ-साथ गली, सड़क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी सफाई अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर अमित पंडित, योगेश भादड, सेठपाल नोहरा, संजय सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए तायल परिवार के सदस्य व अन्य समाजसेवी। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान करना मानवीय कर्तव्य : राजेश तायल

- समाजसेवी स्व. राजेश तायल की याद में 357 नागरिकों ने रक्तदान किया

**पानीपत।** समाजसेवी स्वर्गीय राजेश तायल की तीसरी पुण्य तिथि पर तायल परिवार गोशाला में मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी व सिविल अस्पताल की टीमों की देख रेख में 357 युनिट रक्त का संग्रह किया। इधर, अथितियों ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदाता भगवान का स्वरूप है। वहीं, स्वस्थ्य युवाओं को साल में दो से तीन बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से मानव शरीर का रोगों से बचाव होता है और उनकी इम्युनिटी बढती है। इस अवसर पर मेयर कोमल सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया, समाजसेवी हरि ओम तायल, सुरेश तायल, प्रो. राम निवास गुप्ता, ईश्वर शुक्ला, सुभाष चंद्र तायल, अतुल मंगला, केशव तायल, प्रमोद तायल, रोशन मित्तल, प्रवीण बंसल, निशांत सिंघल, प्रमोद गुप्ता, रिप्पी वाधवा, मोहनलाल गर्ग, ललित मित्तल, यतेंद्र सैनी, सोनू शुक्ला, संजय अग्रवाल, बलराज खराब, चिंटू विज, कंवर रविंद्र सैनी ने रक्तदाताअको बैज लगा, पौध रोप कर व प्रामण पत्र देकर सम्मानित किया।

---

**कार्यालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

अश्वजीत सिंह पुत्र स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह निवासी मकान नं. 479-आर, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत हरियाणा व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अश्वजीत सिंह पुत्र स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह निवासी मकान नं. 479-आर, माडल टाउन, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह का दिनांक 03.03.2024 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. सतवन्त कौर (पत्नी) 2. ईशा सिंह (पुत्री) 3. अश्वजीत सिंह (पुत्र) 4. ईशिता सिंह (पुत्री) ही जायज वारिस हैं इसके अलावा कोई अन्य वारिस व वारसान ना है। मृतक की माता स्व. श्रीमति प्रीतम कौर का दिनांक 01.04.2006 को देहान्त हो चुका है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। पार्षद / नम्बरदार व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तसदीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह स्व. श्री नरेंद्र सिंह पुत्र श्री अमर सिंह के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मेलन में किया जागरूक

**अंबाला।** केंद्रीय सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मागदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती करने के लिए गांवों में किसान सम्मेलन आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक जसविंद्र सिंह सैनी ने बताया कि 17 जून को जिला के गांव सकराओं, मुनरहेडी, उगाला, समलेहडी, सलौला, कंजाला में किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसी प्रकार 18 जून को गांव धन्यौडी, सपेडा, शेरपुर, नोहनी, धमौली बिचली, फिरोजपुर कैत में किसान सम्मलेन का आयोजन किया गया।

### 5 लाख 76 हजार 251 फार्म वितरितः विराट

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के तहत बीएलओज द्वारा एन्यूमरेशन फार्म के तहत 5 लाख 76 हजार 251 मतदाताओं को फार्म वितरित किए जा चुके हैं। निर्धारित मापदंडों की पालना करते हुए मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिले में सफलतापूर्वक आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य के तहत सभी बीएलओज राजनीतिक दलों के बीएलएज के साथ बूथवार बैठक करेंगे और उन्हें एएसडी की सूचियां सौंपेगे।

### पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य तय

**अंबाला।** नेशनल हेल्थ मिशन के तहत देशभर में चलाए जा रहे पोलियो मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1,29,338 बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में जहां शहरी क्षेत्र में 49,454 बच्चे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में यह संख्या 79,884 तक पहुंचती है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बूथ, मोबाइल और ट्रांजिट टीमों का बड़ा नेटवर्क तैयार किया है। जिले में कुल 996 बूथ बनाए जाएंगे, जिनमें 696 ग्रामीण और 300 शहरी क्षेत्र में होंगे।

### योजना का लाभ उठाने के लिए करें आवेदन

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल महला ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंतोदय विभाग के माध्यम से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं जिनमें मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक, समरसता अंतर्राज्यीय विवाह शगुन योजना, डॉ. भीमराव अंबेड़कर मेधावी छात्रवृति संशोधित योजना के साथ-साथ अन्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क (10 रुपये) के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

## राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अफसरों के साथ छात्रों ने किया योग

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पायलट रिहर्सल, लोगों में दिखा उत्साह

**शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद जरुरी, निकाय मंत्री विपुल गोयल होंगे मुख्यअतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला






अंबाला। पायलट रिहर्सल में योग करवाते प्रशिक्षक व योग क्रियाएं करते एसडीएम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अंबाला शहर के सेक्टर 10 स्थित खेल स्टेडियम में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। एसडीएम दर्शन कुमार की अध्यक्षता में पायलट रिहर्सल आयोजित की गई।

इस मौके एसडीएम के प्रतिभागियों को कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग अति अनिवार्य है। योग जीवन का अभिन्न अंग है। योग करके हम शारीरिक रूप व मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी लोग योग से जुडें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएं। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि खेल स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय तथा नागरिक उडयन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। पायलट रिहर्सल में आज आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षक नीरू अग्रवाल ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। एसडीएम ने कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से बच सकते हैं। पायलट रिहर्सल के दौरान एसडीएम व सीटीएम को जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

**योग प्रशिक्षक ने सभी को योग को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया**

### यह रहे मौजूद

पायलट रिहर्सल में योग प्रशिक्षक नीरू अग्रवाल ने योग प्रोटोकोल के अंतर्गत ताडासन, सुख आसान, वज्रासन, दंडासन, पवन मुक्त आसन, भुजंगआसन, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, नाड़ी शोधन, अलोम-विलोम के साथ-साथ अन्य योग क्रियाएं करवाई। योग प्रशिक्षकों ने भी योग की महत्वता के बारे जागरूक करते हुए सभी को योग को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी राम कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, बीईओ सतबीर सैनी, डॉ. दर्शन, योग विशेषज्ञ संदीप मलिक के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### योग को बनाए जीवन का हिस्सा

**शहजादपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के सफल आयोजन को लेकर राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में शुक्रवार को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं योग साधकों के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पतंजलि योग समिति से सुरेंद्र सैनी तथा भारतीय योग संस्थान के योग साधक एवं प्राध्यापक संजय धीमान ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग के लाभों तथा नियमित अभ्यास के महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। आयुष विभाग से एएमओ डॉ. गुरविंदर सिंह ने कहा कि योग दैनिक जीवन में अपनाकर व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है।

### योग से मिलती है मानसिक-शारीरिक मजबूती

**अंबाला।** योग दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला छावनी के एसडी विद्या स्कूल में पायलट रिहर्सल का आयोजन किया गया। पायलट रिहर्सल में अध्यक्ष योग फैडरेशन के राजिंद्र विज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। विज व एसडीएम छावनी कनिका गोयल ने भगवान धनवंतरी व योग प्रवर्तक महार्षि पतंजलि के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विज ने पायलट रिहर्सल में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग अति अनिवार्य है। योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी नागरिकों को योग से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि एस.डी. विद्या स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पानीपत शहर के विधायक प्रमोद कुमार विज बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजित पायलट रिहर्सल में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक पंकज बक्शी ने योग प्रोटोकोल के तहत योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई।



पायलट रिहर्सल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैन ब्रांच, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरा मार्केट, एसडी हिल रोड स्कूल, एसडी कन्या महाविद्यालय, सिक्ख गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड़ के विद्यार्थी व अध्यापक शामिल रहे। मौके पर आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. दीपा रानी, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद देवेंद्र नरवाल, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. ताहिरा बेगम, डॉ. देवांगी, डॉ. इतिका शर्मा, डॉ. स्माइली के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 60 ने किया रक्तदान

- पुलिस और एकम न्यास संस्था की अनूठी पहल
- डीएसपी जगबीर सिंह ने 52वीं बार रक्तदान कर पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते अजीत सिंह शेखावत।

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस और एकम न्यास के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंबाला शहर के पुलिस लाइनमें एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह पूरा शिविर एसपी अंबाला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा, रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म और सर्वोत्तम सेवा है। हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### ब्लड डोनेशन' ग्रुप लांच

आपातकालीन स्थिति में तुरंत रक्त मुहैया कराने के उद्देश्य से एसपी ने एक अनूठी डिजिटल पहल की शुरुआत की। उन्होंने 'पुलिस व पब्लिक ब्लड डोनेशन व्हाट्सएप ग्रुप' को लांच किया। इसका क्यूआर स्कैनर जारी किया। इस स्कैनर को स्कैन करके कोई भी नागरिक सीधे ग्रुप से जुड़ सकता है।

## नशे के विरुद्ध सूचनाएं देकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में करें सहयोग

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में चालक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में एक दिवसीय 113 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे। चालक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी संदीप कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में 61 चालक प्रशिक्षुओं तथा संस्थान के 6 कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के प्रकार, कारण, प्रभाव एवं निवारण के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार देश में होने वाले अधिकांश अपराधों के पीछे नशा एक प्रमुख कारण है। मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। नशा व्यक्ति के सभी सपनों को समाप्त कर देता है।



नशा न करने की शपथ लेते प्रशिक्षु चालक।

## न्यूज डायरी

### युद्ध खत्म, क्रूड ऑयल के दाम गिरे

**शहजादपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक कुमार मेहता ने कहा कि अब तो अमेरिका-ईरान युद्ध भी खत्म हो गया है और कूरड ऑयल के दाम भी लगातार गिर रहे हैं, ऐसे में केंद्र सरकार को पैट्रोल-डीजल-गैस के दाम कम करके देश के आम उपभोक्ता को राहत प्रदान करनी चाहिए। अशोक मैहता ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार इथेनॉल के जरिए खुद ही पैट्रोल में मिलावट कर वाहनों को खराब करने पर तुली है। शहजादपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेहता ने कहा कि वर्ष 2014 में जब डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने सत्ता छोड़ी, उस समय क्रूड ऑयल के दाम लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल थे और सरकारी तेल कंपनियों द्वारा जनता को लगभग 71 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल एवं 54 रुपये प्रति लीटर डीजल उपलब्ध करवाया जा रहा था।

### कांग्रेस ब्लॉक प्रधान बिट्टू ने बिलमा से की भेंट

**मुलाना।** कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त ब्लॉक प्रधान नरेंद्र शर्मा 'बिट्टू' अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के बाद क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों से व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जाकर लगातार मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने समाजसेवी नरेंद्र बिलमा के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर मुलाकात की। समाजसेवी व कांग्रेस युवा नेता नरेंद्र बिलमा के प्रतिष्ठान पहुंचने पर ब्लॉक प्रधान नरेंद्र शर्मा बिट्टू का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दोनों के बीच क्षेत्र के विकास, सामाजिक सरोकारों और वर्तमान राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान नरेंद्र बिलमा ने नरेंद्र शर्मा बिट्टू को ब्लॉक प्रधान बनने पर बधाई दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिट्टू के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा।

### विदेश भेजने के लालच में महिला से 20 लाख ठगे

**अंबाला।** अंबाला शहर के कलेरां गांव की महिला ने कुरुक्षेत्र के एक युवक पर विदेश भेजने केनाम पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। थाना नग्गल पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। यहां की रहने वाली सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जून 2023 में उसकी मुलाकात कुरुक्षेत्र के सेक्टर-10 स्थित नया बस स्टैंड के पास दफ्तर चलाने वाले एजेंट अरुण से हुई थी। सुनीता ने बताया कि उसने अपने बेटे विकास को कनाडा स्टडी वीजा पर भेजने के लिए एजेंट से बात की थी। एजेंट ने 12 लाख रुपये में बात तय की और जीआईसी अकाउंट खुलवाकर उसमें 6 लाख 25 हजार रुपये जमा करवा लिए।

### चोर गिरोह के 6 सदस्य पकड़े, 25 बाइकें बरामद

**अंबाला।** सीआईए वन ने वाहन चोरों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाते हुए एक अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 25 मोटरसाइकिलें बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की हैं।

डीएसपी क्राइम वीरेंद्र ने पीसी में बताया कि अंबाला शहर थाने में दर्ज बाइक चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए 16 जून 2026 को दो आरोपियों कुणाल और नितिन को गिरफ्तार किया गया था। रिमांड के दौरान गहन पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी के कई बड़े खुलासे किए और गिरोह में शामिल अन्य साथियों के नाम उगले। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुल 6 आरोपियों को दबोच लिया, जिनमें चोरी की बाइक खरीदने वाले आरोपी भी शामिल हैं।



अंबाला। कथा के के दौरान आरती करते श्रद्धालु।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**अंबाला।** अंबाला शहर की मथुरा नगरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में समस्त राधे-राधे परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास परम पूज्य डॉ. स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज ने भरत चरित्र, अजामिल चरित्र, प्रह्लाद चरित्र तथा भगवान नरसिंह अवतार के दिव्य प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, वैराग्य एवं धर्म के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। भरत चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में किसी भी प्रकार के मोह और आसक्ति से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजा भरत ने राजपाट और वैभव का त्याग कर भगवान की भक्ति का मार्ग अपनाया, किंतु हिरण के बच्चे के प्रति अत्यधिक मोह के कारण उन्हें अगले जन्म में उसके परिणाम भुगतने पड़े। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि परमात्मा की प्राप्ति के मार्ग में सांसारिक मोह बाधक बन सकता है।

## निर्माणाधीन मकान से बिजली की तारें और कीमती मशीनें चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

मजारा शहजादपुर में एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाकर चोरों द्वारा बिजली की फिटिंग वाली तारें और निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली कीमती मशीनें चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत मिलने के बावजूद भी मामला दर्ज नही किया। पीड़ति ने जब मामला एसपी को बताया उसके बाद पुलिस हरकत में आई और बारह दिन बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को दी गई शिकायत में नवीन कुमार ने बताया कि वह मजारा शहजादपुर में एक्सिस बैंक शाखा के पीछे वाली गली में अपनी दुकानों के ऊपर नए घर का निर्माण करवा रहे हैं। मकान का ढांचा (लेंटर और दीवारों की लिपाई) तैयार हो चुका है और वर्तमान में बिजली की फिटिंग, सीलिंग और टाइल्स लगाने का काम चल रहा था। घर के अंदर बिजली की फिटिंग के लिए तारें भी डाली जा चुकी थीं।



शाहजादपुर। काटी गई तारों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

पीड़ित के अनुसार, दिनांक 05/06 जून 2026 की रात को चोरों ने उनके इस निर्माणाधीन मकान में घुसकर फीटिंग की गई बिजली की तारों को काट दिया। उन्हें चोरी कर लिया। इसके अलावा, चोर मकान निर्माण में काम आने वाली बिजली से चलने वाली कीमती मशीनें हिल्टी मशीन ,हैमर मशीन ग्राइंडर मशीन ,हैंड मिक्सर ,बिजली की तारों के 2 बंडल भी चोरी कर ले गए।

## रिहायशी भवन पर पथराव करने वाले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला शहर की शिवालिक कॉलोनी में एक महिला के घर को निशाना बनाया गया। पीड़ति महिला नेहा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कुछ समय से अपने मायके में रह रही है। जब वह 6 जून की सुबह अपने घर पहुंची तो वहां का नज़ारा देखकर दंग रह गई। घर के बाहर कांच की टूटी बोतलें बिखरी थीं और छत का शीशा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि 4-5 जून की मध्यरात्रि करीब 12:10 बजे दो मोटरसाइकिल और एक सफेद एक्टिवा पर सवार छह नकाबपोश युवक वहां पहुंचे थे। आरोपियों ने घर पर पत्थरों और कांच की बोतलों से हमला किया। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## विशेषज्ञ बोले-नशा मुक्त समाज के निर्माण को जागरूक होना जरूरी

# जागरूकता व्याख्यानः नशे के खिलाफ छात्रों को किया सचेत

**17 से 26 जून तक चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान सप्ताह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर स्थित डीएवी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरएस परमार के मार्गदर्शन में से नो टू ड्रग्स विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. परमार ने बताया कि आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए महाविद्यालय में समय-समय पर हवन, जागरूकता व्याख्यान तथा विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।




अंबाला। छात्रों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर। फोटो : हरिभूमि

### समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई

उन्होंने बताया कि 17 से 26 जून 2026 तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल अंबाला शहर से क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट परवीन ने विद्यार्थियों में नशे की बढ़ती समस्या के कारणों पर प्रकाश डालते हुए इसकी मांग एवं आपूर्ति को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। काउंसलर सिमरन गुलाटी ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा न करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में काउंसलर हरीश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नशा जागरूकता विषय पर आकर्षक पोस्टर तैयार किए गए, जिनके माध्यम से समाज में नशे के विरुद्ध सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. राजीव राणा, प्रोफेसर डॉ. भूपिंदर सिंह, डॉ. गरिमा सुमरन, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. प्राशु तथा मैडम अंजलि सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### वर्क परमिट के नाम पर 18.50 लाख की ठगी

**मुलाना।** तलहेड़ी गुजरान के एक युवक ने तीन लोगों पर न्यूजीलैंड का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर 18.50 लाख ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दिल्ली के एक दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया है। परिवादी नवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अप्रैल 2023 में उसकी मुलाकात कुलदीप सिंह से हुई थी। कुलदीप ने खुद को ओमरेज इमिग्रेशन का कर्मचारी बताते हुए न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में वर्क परमिट दिलाने का दावा किया था। पीड़ित ने बताया कि कुलदीप की बातों में आकर उसने और उसके भाई ने 20-20 लाख में बात तय की। उसने कुलदीप को 4 लाख और पासपोर्ट सौंप दिए। 5 महीने बीत जाने के बाद भी जब काम नहीं हुआ, तो पता चला कि कुलदीप विदेश भाग गया है। पीड़ित दिल्ली स्थित दफ्तर पहुंचा, जहां अभिमन्यु कुमार सिंह और उसकी पत्नी पुष्पा ने उसे दोबारा विश्वास में लिया।